AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

लविवि : प्रस्तावित सूची में पांचों जिलों में बनाए गए 223 परीक्षा केंद्र

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 के लिए स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची शनिवार को जारी कर दी। कुल 223 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थी व शिक्षक लविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर केंद्रों की सूची देख सकते हैं।

लविवि में पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इनके लिए प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम पहले ही जारी किया जा चुका है।

परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होकर 17 जनवरी तक चलनी हैं। परीक्षा विभाग की

ओर से जारी प्रस्तावित सूची में हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, सीतापुर व लखनऊ में परीक्षा के लिए 223 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा विभाग ने परीक्षा फॉर्म भी वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। भरने की अंतिम तिथि 23 नवंबर है।

■ **18 नवंबर तक मांगी गईं आपत्तियां, सुझाव :** परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची के संबंध में पत्र जारी करते हुए आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। इसके लिए 18 नवंबर अंतिम तिथि है। परीक्षा केंद्रों के संबंध में सुझाव ईमेल coe@lkouniv.ac.in पर भेजे जा सकते हैं।

■ ***20 नोडल सेंटर बनाए गए :*** परीक्षा केंद्रों के साथ ही परीक्षा विभाग ने पांचों जिलों में 20 नोडल सेंटर बनाए हैं। इसमें हरदोई में तीन, लखीमपुर खीरी में पांच, रायबरेली में छह, सीतापुर में पांच एवं लखनऊ में एक नोडल सेंटर बनाया गया है। परीक्षा विभाग के मुताबिक, सभी नोडल सेंटर पर 24 घंटे

लविवि के पांच विभागों में भर्ती के लिए 26 को परीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि में पांच विभागों की शिक्षक भर्ती के लिए 26 नवंबर को लिखित परीक्षा होगी। यहां शारीरिक शिक्षा विभाग में एक, प्राच्य संस्कृत में एक, अर्थशास्त्र में दो, भौतिक विज्ञान के तीन और संस्कृत के चार पद रिक्त हैं।

अलग-अलग संकायों में 145 पदों पर भर्ती का विज्ञापन सितंबर में जारी हुआ था। इसमें सहायक आचार्य के 64, सह आचार्य के 51 और आचार्य के 30 पद थे। जिस पर 30 सितंबर तक आवेदन मांगे थे। सहायक आचार्य के 64 पदों पर तीन हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। चार नवंबर को वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, भूविज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, पश्चिमी इतिहास और विधि विभाग के अभ्यर्थियों की शॉर्ट-लिस्टिंग करने के लिए परीक्षा हो गई थी। बाकी विभागों में अब परीक्षा होगी।

नेशनल कॉलेज : शिक्षक भर्ती के छह पदों पर 200 से अधिक दावेदार

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज में चार विभागों में शिक्षक भर्ती के लिए 21 व 22 नवंबर को परीक्षा होगी। यहां छह पदों पर 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में एक पद के लिए करीब 33 अभ्यर्थी दावेदार हैं। कॉलेज प्रशासन की ओर से अक्तूबर में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में संबंधित शिक्षकों के पद भरने के लिए विज्ञापन निकाला गया था। जिन विभागों में पद खाली थे उनमें प्रबंधन, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और केमिस्ट्री शामिल हैं। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा 100 अंकों की होगी। परीक्षा के दिन ही अभ्यर्थियों को 30 अंकों का साक्षात्कार व 20 अंकों का प्रजेंटेशन देना होगा। (संवाद)

महिला शिक्षक को मिली पुरुष छात्रावास का जिम्मेदारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली बार किसी महिला शिक्षक को ब्वॉयज हॉस्टल का प्रोवोस्ट बनाया गया है। विवि के 103 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित होमी जहांगीर भाभा छात्रावास की नव नियुक्त प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके साथ ओपी सिंह व डॉ. शैलेंद्र सोनकर को सहायक प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रोवोस्ट के चार्ज लेते समय अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू डॉ. अभिषेक तिवारी, आइक्यूएसी सदस्य असिस्टेंट प्रो. डॉ. मृणालिनी सिंह, डॉ. अभिषेक तिवारी व अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे। वहीं होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के स्टूडेंट्स ने नई प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट का स्वागत किया। इस दौरान छात्रों में उत्साह दिखा।

103 वर्षों के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

डॉ. अर्चना सिंह। संवाद

विवादों में आने के बाद हटाए गए प्रोवोस्ट

होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के प्रोवोस्ट रहे डॉ. राधेश्याम सिंह को विवादों में होने के चलते जिम्मेदारी से हटा दिया गया। बीते दिनों छात्रों ने उन पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। उन्हें हटाने की मांग को लेकर छात्र भूख हड़ताल पर भी बैठ गए थे। काफी समझाने के बाद छात्रों ने हड़ताल समाप्त की थी।

> यह अभूतपूर्व पहल
> पुरुष छात्रावास की कमान महिला शिक्षक को देकर एक अभूतपूर्व पहल हुई है। इससे छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को नई तरह से सोचने का मौका मिलेगा। - **डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता लविवि

इन पदों पर महिलाएं पूर्व में संभाल चुकी हैं जिम्मेदारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति से लेकर कुलानुशासक तक के बड़े प्रशासनिक पदों पर महिलाएं जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। इसके साथ ही रजिस्ट्रार, डीन एकेडमिक्स, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर जैसे पदों पर भी सेवाएं दे चुकी हैं। वर्तमान में अधिष्ठाता छात्र कल्याण पद पर प्रो. संगीता साहू तो डीन अकादमिक पद पर प्रो. गीतांजलि मिश्रा तैनात हैं। पूर्व में इन दोनों पदों पर रह चुकी विवि की शिक्षक प्रो. पूनम टंडन वर्तमान में गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति हैं। विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा के कार्य आज भी नजीर हैं। उनके समय में ही यहां पहली बार फार्म में माता का नाम लिखने का कॉलम शुरू हुआ था।

विदेशी छात्रों संग कुलपति ने मनाई दिवाली

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर विदेशी विद्यार्थियों के साथ त्योहार मनाया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपहार भी दिए। उन्होंने विदेशी छात्र-छात्राओं के साथ के दीप भी जलाएं। साथ ही छात्र-छात्राओं के साथ नाश्ता भी किया। कार्यक्रम में संगीता राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, प्रो. आरपी सिंह, प्रो. गीतांजली मिश्रा, डॉ. केया पांडेय आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

लविवि : जरूरतमंदों को कपड़े बांटे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बीएन एनसीसी के कैडेट्स ने शनिवार को छोटी दीपावली के दिन गेट नंबर-1 से डालीगंज मलिन बस्ती तक जाकर जरूरतमंद लोगों को कपड़े बांटे। एनसीसी अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, आनंद यादव, सूरज यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार, अंडर ऑफिसर रोशनी, अंडर ऑफिसर आयुष पटेल समेत 100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स एवं पूर्व कैडेट्स उपस्थित रहे। (संवाद)

NBT PAGE 8

LU: विदेशी स्टूडेंट्स ने दीये जलाकर मनाई दिवाली

■ एनबीटी सं, लखनऊः एलयू में विदेशी स्टूडेंट्स ने शनिवार को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के साथ उनके परिसर में दीये जलाकर दिवाली मनाई। वीसी ने इन स्टूडेंट्स को दिवाली का महत्व बताया और उपहार भी दिए। इस मौके पर वीसी की पत्नी संगीता राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. अनूप सिंह, डॉ. मनीषा शुक्ला समेत कई शिक्षक भी मौजूद रहे।

एलयू में सहायक आचार्य पदों के लिए 26 को होगी परीक्षा

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ**

एलयू के पांच विभागों में रिक्त सहायक आचार्य पदों पर भर्ती के लिए 26 नवंबर को परीक्षा होगी। परीक्षा से संबंधित जानकारी एलयू ने वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

परीक्षा से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर अपलोड

एलयू के अलग-अलग संकायों में 145 पदों पर भर्ती का विज्ञापन सितंबर माह में जारी किया गया था। इसमें सहायक आचार्य के 64, सह आचार्य के 51 और आचार्य के 30 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी हुई थी। 30 सितंबर तक आवेदन लिए गए थे। इसमें सहायक आचार्य के 64 पदों पर 3000 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। जिसके तहत 4 नवंबर को वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, भूविज्ञान, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, पश्चिमी इतिहास और विधि विभाग के अभ्यर्थियों की शॉर्ट-लिस्टिंग करने के लिए परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि अब 26 नवंबर को शारीरिक शिक्षा विभाग में 1, प्राच्य संस्कृत में 1, अर्थशास्त्र में 2, भौतिक विज्ञान के 3 और संस्कृत में 4 पदों पर नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन एलयू करेगा। प्रश्न पत्र में 1 अंक के 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। परीक्षा सुबह 10:30 से 11:30 बजे और 2:30 से 3:30 बजे तक दो पालियों में परीक्षाएं होंगी।

LU में पहली बार बॉयज हॉस्टल की प्रोवोस्ट महिला

■ **एनबीटी संवाददाता, लखनऊ**

एलयू के 103 साल के इतिहास में पहली बार किसी महिला शिक्षक को बॉयज हॉस्टल का प्रोवोस्ट बनाया गया है। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि न्यू कैंपस में होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के प्रोवेस्ट डॉ. राधेश्याम थे। अब इस पद की जिम्मेदारी डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. शैलेंद्र सोनकर को सहायक प्रोवेस्ट बनाया गया है।

विवि के 103 साल के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी महिला शिक्षक ने किसी बॉयज हॉस्टल के प्रोवेस्ट का पद संभाला है। एलयू वीसी का कहना है कि इस प्रयोग से अच्छे नतीजे सामने आएंगे। नई प्रोवेस्ट और दोनों सहायक प्रोवेस्ट ने शुक्रवार देर शाम पदभार संभाल लिया। इस मौके पर अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू डॉ. अभिषेक तिवारी, आईक्यूएसी सदस्य डॉ. मृणालिनी सिंह, डॉ. अभिषेक तिवारी समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान छात्रावास के स्टूडेंट्स ने भी नई प्रोवेस्ट और सहायक प्रवेस्ट का स्वागत किया।

न्यू कैंपस में होमी जहांगीर भाभा छात्रावास का जिम्मा डॉ. अर्चना सिंह को

कैडेट्स ने जरूरतमंदों को कपड़े बांटे

■ **एनबीटी सं, लखनऊः** 64 यूपी बीएन एनसीसी एलयू के कैडेट्स ने शनिवार को छोटी दिवाली पर डालीगंज झुग्गी बस्ती में जरूरतमंदों को कपड़े बांटे। इस दौरान 64 यूपी वाहिनी के एनसीसी अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, आनंद कुमार यादव, सूरज यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार, अंडर ऑफिसर रोशनी समेत कई कैडेट मौजूद रहे।

LU: नोडल और परीक्षा केंद्रों की लिस्ट जारी

■ **एनबीटी सं, लखनऊः** एलयू ने सहयुक्त महाविद्यालयों में स्नातक विषम सेमेस्टर-2023 की परीक्षा के लिए नोडल और परीक्षा केन्द्रों की अनन्तिम लिस्ट जारी कर दी है। एलयू की वेबसाइट पर लिस्ट देख सकते हैं। एलयू के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के मुताबिक लखनऊ, सीतापुर,हरदोई,लखीमपुर और रायबरेली 20 नोडल केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं 223 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा केन्द्र ऐसे बनाए जाएं,जहां पहुंचने में स्टूडेंट्स को दिक्कत न हो।

HINDUSTAN PAGE 7

एलयूः परीक्षा को 233 केन्द्र जारी

लखनऊ। एलयू में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी की गई है। 18 नवंबर तक सुझाव मांगे गए हैं। एलयू में 12 दिसंबर से स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होंगी। संबद्ध कॉलेजों के लिए प्रस्तावित 20 नोडल 223 परीक्षा केंद्र घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों की विस्तृत सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक के ई-मेल पर 18 नवंबर तक सुझाव भेज सकते हैं।

डॉ. अर्चना बनीं पुरुष छात्रावास की प्रोवोस्ट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 103 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी महिला शिक्षिका को पुरुष छात्रावास का प्रोवोस्ट बनाया गया है। शनिवार को डॉ. अर्चना सिंह ने होमी जहांगीर भाभा (एचजेबी) छात्रावास का चार्ज लिया। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि नवीन परिसर में होमी जहांगीर भाभा छात्रावास है। इस छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. राधेश्याम थे। अब इस हॉस्टल की जिम्मेदारी डॉ. अर्चना सिंह को दी गई है। उन्हें प्रोवोस्ट का पदभार दिया गया है। कुलपति का दावा है कि 103 वर्षों में पहला मौका है जब किसी महिला शिक्षिका ने विवि में किसी पुरुष छात्रावास के प्रोवोस्ट का पदभार संभाला है।

जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, छाई मुस्कान

लखनऊ। लखनऊ विवि की 64 यूपी बीएन एनसीसी के कैडेट ने मलिन बस्ती में जाकर जरूरतमंदों को कपड़े दिए तो उनके चेहरे पर मुस्कान छा गई। कैडेट ने एलयू के गेट नंबर एक से डालीगंज स्थित मलिन बस्ती तक पैदल जाकर जरूरतमंदों लोगों को कपड़े बांटे। इस गतिविधि के दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर 64 यूपी वाहिनी के एनसीसी अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, आनंद यादव, सूरज यादव, अभिषेक कुमार आदि रहे।

i-NEXT PAGE 5

एलयू में विदेशी छात्रों ने जमकर मनाई दीवाली

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी में विदेशी स्टूडेंट्स के लिए कुलपति आवास में दिवाली मनाई गई है. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य पदाधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहे. आयोजन कुलपति प्रो. राय के आवास पर हुआ. प्रो. राय ने अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स उपहार भी दिए. कार्यक्रम में प्रथम महिला संगीता राय, कुलपति प्रो. राय की माता राजेश्वरी राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह, डॉ मनीषा शुक्ला आदि मौजूद रहे.

एनसीसी कैडेट्स ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

LUCKNOW: 64 यूपी बीएन एनसीसी, लखनऊ यूनिवर्सिटी के कैडेटों ने शनिवार को कपड़े बांटे. एलयू के गेट नंबर 1 से डालीगंज मलिन बस्ती के जरूरतमंद लोगों को कपड़े बांटे गए. इस दौरान राष्ट्रीय कैडेट कोर 64 यूपी वाहिनी के एनसीसी अधिकारी डॉ रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, आनंद कुमार यादव, सूरज यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार, अंडर ऑफिसर रौशनी, अंडर ऑफिसर आयुष पटेल आदि मौजूद रहे.

अर्चना सिंह हॉस्टल की मुख्य प्रोवोस्ट

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी न्यू कैम्पस में होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के मुख्य प्रोवोस्ट का पदभार डॉ. अर्चना सिंह ने ग्रहण किया.

AMRIT VICHAR PAGE 4

परीक्षा केंद्र की अनंतिम सूची घोषित

लखनऊः लखनऊ विवि से सहयुक्त लखनऊ जनपद के महाविद्यालयों की अंतिम सूची घोषित कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि परीक्षा केंद्र की विस्तृत सूची लखनऊ विवि के वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा केंद्रों को लेकर सुझाव 18 नवंबर तक सुनिश्चित कर दिए गए हैं।

JAGRAN CITY PAGE IV

लवि : 223 केंद्रों पर होंगी यूजी विषम सेमेस्टर परीक्षाएं, प्रस्तावित सूची जारी

लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर व लखीमपुर खीरी में बने केंद्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की प्रस्तावित सूची शनिवार को जारी कर दी। इस बार लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिले में कुल 223 परीक्षा केंद्र और 21 नोडल केंद्र बनाए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। परीक्षा नियंत्रक की ई-मेल coe@lkouniv.ac.in पर 18 नवंबर तक इन केंद्रों को लेकर सुझाव दिए जा सकते हैं। गौरतलब है कि स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाएं 12 दिसंबर से शुरू होकर 17 जनवरी तक संचालित होंगी। इनके परीक्षा फार्म भरने के लिए 20 नवंबर तक समय दिया गया है। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय में छह दिसंबर को दीक्षा समारोह का आयोजन होगा। इसके तहत एक से सात दिसंबर तक विभागों में कोई भी कार्यक्रम नहीं आयोजित किए जाएंगे। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में विभागों को निर्देश जारी कर इस बीच कोई तिथि न तय करने के लिए कहा है।

इग्नू: सत्रांत परीक्षाएं एक से, समय सारिणी जारी : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सत्रांत (टर्म एंड) परीक्षाएं एक दिसंबर से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय की ओर से इसकी समय सारिणी वेबसाइट www.ignou.ac.in पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षा के लिए लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के अंतगर्तत आने वाले जिलों में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

इग्नू की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा. मनोरमा सिंह ने बताया कि लखनऊ में श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज और लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कालेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बिना लेट फीस परीक्षा फार्म भरने की तिथि 10 नवंबर तक थी। अब 1100 रुपये लेट फीस और 200 रुपये कोर्स परीक्षा शुल्क के साथ क्षेत्रीय केंद्र पर फार्म जमा किए जा सकते हैं। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।

सहायक प्रोफेसर के लिए लिखित परीक्षा 26 को

लखनऊ विश्वविद्यालय में पांच विषयों में सहायक प्रोफेसरों के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 26 नवंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित द्वितीय कैंपस में केंद्र बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से वेबसाइट पर इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। लवि में अर्थशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, भौतिकी, संस्कृत तथा संस्कृत में प्राच्य अध्ययन विषय के लिए सहायक प्रोफेसर के पदों पर लिखित परीक्षा होगी। प्रश्न पत्र में एक-एक अंक के 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। अभ्यर्थियों को ओएमआर शीट को नीले/काले बाल प्वाइंट पेन से भरना होगा।

स्थापना दिवस पर होगी अंतरराष्ट्रीय एल्युमिनाई मीट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का 103वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर एक अंतरराष्ट्रीय एल्युमिनाई मीट आयोजित की जाएगी। इसके लिए रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा को कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। कुलपति की अनुमति मिलने के बाद इसका आदेश जारी किया है। (जासं)

17 विद्यार्थियों के बदले अंक

लखनऊ : लवि ने चैलेंज मूल्यांकन के तहत विषम सेमेस्टर में शामिल डी.फार्मा पहले और बी.टेक छठे सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें 17 विद्यार्थियों के अंकों में बदलाव हुआ है। अंकों की सूचना वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से प्राप्त की जा सकती है। (जासं)

कार्यभार ग्रहण किया

लखनऊ : लवि के नवीन परिसर में स्थित होमी जहांगीर भाभा ला ब्वायज छात्रावास की प्रोवोस्ट का पदभार शनिवार को डा. अर्चना सिंह ने संभाल लिया। यह पहला अवसर है जब किसी महिला शिक्षिका ने विश्वविद्यालय में किसी ब्वायज हास्टल के प्रोवोस्ट का पदभार संभाला है। अभी तक इस पद पर डा. राधेश्याम तैनात थे। (जासं)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 8

विदेशी छात्र-छात्राओं ने मनाई दिवाली

लवि के कुलपति आवास पर शनिवार को विदेशी छात्र-छात्राओं ने कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय के साथ मनाया दीपावली का त्योहार ● लीकेश ले सिंह

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विदेशी छात्र-छात्राओं ने शनिवार को कुलपति आवास परिसर में दीपावली पर्व मनाया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं विदेशी छात्र-छात्राओं ने सैकड़ों दिए जलाए। साथ ही कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुलपति ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को उपहार भी दिए।

कार्यक्रम में कुलपति की पत्नी संगीता राय, उनकी माता राजेश्वरी राय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डा. मनीषा शुक्ला, डा. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डा. बबिता जायसवाल, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डा. केया पाण्डेय, डा. महेंद्र अग्निहोत्री सहित सभी प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

विदेशी छात्राओं ने कुलपति संग मनाई दिवाली, जलाए दीप

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं ने कुलपति आवास परिसर में दीपावली पर्व मनाया। आयोजन का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जहां कुलपति एवं विदेशी छात्र छात्राओं ने सैकड़ों दिए जलाए। विदेशी छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विवि की प्रथम महिला श्रीमती संगीता राय, माताजी श्रीमती राजेश्वरी राय, छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, अनूप कुमार सिंह, डॉ मनीषा शुक्ला, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ ओ.पी.शुक्ला, डॉ अलका मिश्र तथा अन्य प्रोवोस्ट व सहायक प्रोवोस्ट उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

एनसीसी कैडेट्स ने बांटे जरूरतमंदों में गर्म कपड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विवि की एनसीसी कैडेट की टुकड़ी ने दीपावली पर गर्म कपड़ों का वितरण किया। जरूरतमंदों में वस्त्र वितरण के दौरान तमाम सी जागरूकता भरी जानकारियां भी साझा की गईं।

दीपोत्सव से पूर्व 64 यूपी बीएन एनसीसी कैडेट की टुकड़ी डालीगंज स्थित मलिन बस्ती पहुंची। लखनऊ विवि के कैडेटों ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े वेतरित किए। इसमें काफी संख्या गर्म कपड़ों की थी। बस्ती के बच्चों से शिक्षा संबंधी जानकारी साझा हुई। जागरूकता से जुड़ी बातें भी की गईं। इस दौरान बच्चों के चेहरे खुशियों से खिल उठे।

वितरण के दौरान एनसीसी अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार यादव, आशुतोष भार्गव, आनंद कुमार यादव, सूरज यादव, सीनियर अंडर ऑफिसर अभिषेक कुमार, अंडर ऑफिसर रोशनी, अंडर ऑफिसर आयुष पटेल समेत एनसीसी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 100 से अधिक कैडेट्स और पूर्व कैडेट्स भी मौजूद रहे।

डॉ. अर्चना ने संभाला मुख्य प्रोवोस्ट का पदभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : लखनऊ विवि नवीन परिसर में स्थित होमी जहांगीर भाभा छात्रावास के मुख्य प्रोवोस्ट का पदभार डॉ. अर्चना सिंह ने संभाल लिया है। लखनऊ विवि के 103 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी महिला शिक्षिका ने विवि में किसी ब्वॉयज हॉस्टल के प्रोवोस्ट का पदभार संभाला है।

शनिवार को पदभार संभालने के बाद डॉ. सिंह ने विभागाध्यक्षों से भी मुलाकात की। इस दौरान निवर्तमान प्रवास प्रोवोस्ट डॉ. राधेश्याम मौजूद रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त डीएसडब्ल्यू डॉ. अभिषेक तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मृणालिनी सिंह सहित विश्वविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

पदभार ग्रहण करने के दौरान डॉ. अर्चना सिंह। अमृत विचार

LOKSATYA PAGE 2

पुरुष छात्रावास की पहली महिला प्रवोस्ट बनी डॉ. अर्चना

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ यूनिवर्सिटी की लॉ फैकेल्टी में असिस्टेंट प्रो अर्चना सिंह जहांगीर भाभा (एचजेबी) छात्रावास की जिम्मेदारी संभालेंगी। यूनिवर्सिटी के 103 वर्षों के इतिहास में पहली बार ऐसा मौका है जब किसी महिला शिक्षिका को पुरुष छात्रावास का प्रोवोस्ट बनाया गया है। शनिवार को डॉ. अर्चना सिंह ने छात्रावास का चार्ज लिया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि होमी जहांगीर भाभा छात्रावास न्यू कैंपस में है। इस छात्रावास के प्रोवोस्ट डॉ. राधेश्याम थे। अब इस हॉस्टल की जिम्मेदारी डॉ. अर्चना सिंह को दी गई है। उन्हें प्रोवोस्ट का पदभार दिया गया है। यह पहला मौका है जब किसी महिला शिक्षिका ने विवि में किसी पुरुष छात्रावास के प्रोवोस्ट का पदभार संभाला है। पहले से चली आ रही पुरानी परंपराओं को पीछे छोड़ते हुए डॉ. अर्चना को मौका दिया गया। इस प्रयोग से अच्छे नतीजे सामने आएंगे। डॉ अर्चना के साथ एचजेबी छात्रावास के सहायक प्रोवोस्ट डॉ. ओपी सिंह और डॉ. शैलेंद्र सोनकर बनाए गए हैं।

एलयू में स्टूडेंट्स और शिक्षकों ने मनाई दीवाली

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विदेशी छात्र-छात्राओं ने कुलपति आवास परिसर में दीपावली पर्व माननीय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अन्य पदाधिकारियों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। दीपावली प्रकाश, समृद्धि, सौहार्द एवं खुशियों का प्रतीक पर्व है।

यह आयोजन कुलपति आवास पर हुआ। आयोजन का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जहां माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं विदेशी छात्र छात्राओं ने सैकड़ों दिए जलाए। विदेशी छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कुलपति जी द्वारा अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को उपहार भी दिए गए। तत्पश्चात सभी ने जलपान का आनन्द उठाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती संगीता राय जी,श्रद्धेया माताजी श्रीमती राजेश्वरी राय जी,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू, चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह, डॉ मनीषा शुक्ला, डॉ भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ बबिता जायसवाल, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. विमल जायसवाल, प्रो. आर. पी. सिंह,डॉ. केया पाण्डेय, डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ महेन्द्र अग्निहोत्री, डॉ. आर. पी. यादव, डॉ ओ पी शुक्ला, डॉ अलका मिश्र, डॉ अर्चना सिंह रहे।

दीपावली पर कपड़े पाकर खिले गरीबों के चेहरे

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के 64 यूपी बीएन एनसीसी,कैडेटों द्वारा दीपावली पर्व पर कपड़ा वितरण कार्यक्रम का

एलयू के एनसीसी कैडेटों ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि उक्त कपड़ों का वितरण कई वर्षो से छोटी दीवाली के दिन किया जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को पुराने कपड़ों को इकट्ठा करके छोटी दिवाली के दिन जरुरतमंद लोगों को कपड़ों का वितरण